nt>

Title: Need to direct State Government of Rajasthan to ensure uninterrupted supply of electricity in rural areas of the State particularly in Churu Parliamentary constituency.-Laid.

श्री नरेन्द्र बुडानिया (चुरू) : महोदय, सम्पूर्ण राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों और विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र चूरू के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था पूर्णतः ठप्प है, जिसके कारण किसान अपने कुंओं से खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं तथा उनकी खड़ी फसल सिंचाई के अभाव में चौपट हो रही है। जहां एक ओर किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, वहीं विद्युत के अभाव में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की सप्लाई भी बाधित हो रही है, जिसके कारण ऐसी भयंकर गर्मी में जनता पेयजल के लिए तरस रही है। विद्युत आपूर्ति के अभाव में ढाणियों एवं गांवों में अंधेरा रहता है, जिससे चोरी और डकैती की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले कुछ महीनों में इन क्षेत्रों में चोरी एवं लूटपाट तथा डकैती की अनेक घटनाएं हुई हैं। जहां कहीं विद्युत सप्लाई होती भी है, वहां बहुत कम वोल्टेज पर आती है, जिसके कारण किसान अपने रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाते हैं।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि भारत सरकार राजस्थान सरकार को निर्देश दे कि ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर चूरू लोक सभा क्षेत्र के ग्रामों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि किसानों की खड़ी फसल चौपट होने से बचे, ग्रामीण एवं नगरों में जल आपूर्ति नियमित रूप से हो सके तथा चोरी एवं लूटपाट की घटनाओं से बचा जा सके। किसानों को उनके कुंओं पर विद्युत कनैक्शन प्राथमिकता के आधार पर दिये जाएं ताकि अन्न का उत्पादन बढ़ सके।